प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार सह मुखिया सम्मेलन 2026, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सशक्त पंचायत ही समृद्ध झारखंड की आधारशिला है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन में रांची विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वंदना कुमारी और सेवानिवृत्त प्रोफेसर सुधांशु कुमार द्वारा लिखित पुस्तक का लोकार्पण किया। यह पुस्तक झारखंड, विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों में प्रचलित विभिन्न साग–सब्जियों, पत्तियों और फूलों के वैज्ञानिक अध्ययन पर आधारित है। इसमें 250 से अधिक प्रकार के पत्तों और फूलों का विवरण है। इस अवसर पर राज्यपाल ने बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले कई पौधे, साग और फूल पारंपरिक रूप से भोजन का हिस्सा रहे हैं।

****

रामगढ़ में एक करोड़ रुपये से अधिक की ज्वेलरी डकैती कांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से हथियार, वाहन और भारी मात्रा में सोने–चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

****

चतरा जिले में आज लेम पंचायत से पेयजल समस्या निवारण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर उपायुक्त रवि आनंद ने पंचायत के विभिन्न पेयजल संकट वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उनकी उपस्थिति में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर पेयजल संसाधनों और आधारभूत संरचना को मजबूत करने से जुड़ी योजनाओं का चयन किया गया।

****

खूंटी जिले के नक्सल प्रभावित परिवारों और बाल श्रम से मुक्त कराए गए अनाथ बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर मिसाल पेश की है। जैक मैट्रिक परीक्षा के जारी परिणाम में खूंटी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय ने शत–प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के इस वर्ष सभी 30 छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। इनमें 29 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और एक छात्र ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है।

****

पाकुड़ जिले में मलेरिया नियंत्रण और रोगियों के बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। सिविल सर्जन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि लिट्टीपाड़ा और अमरापारा प्रखंड में मलेरिया का प्रकोप अधिक था, लेकिन बीते तीन महीनों में इस पर नियंत्रण पाने में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि जिले से मलेरिया को पूरी तरह समाप्त करने के लिए जागरूकता बढ़ाने, रोग के लक्षणों की पहचान और समय पर समुचित इलाज पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

****

साहिबगंज में दो दिवसीय अस्मिता खेलो इंडिया महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन फूलों झानो, चांद भैरव इंडोर स्टेडियम और सिद्धू कानू स्टेडियम में किया जा रहा है। 25 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में जिले भर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत आज से शतरंज, कुश्ती, कबड्डी और एथलेटिक्स की स्पर्धाएं शुरू हो गई हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए

अपर समाहर्ता गौतम भगत ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं।

****

झारखंड में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 28 अप्रैल के बाद तेज हवाएं और आंधी की संभावना है।

****